## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 300 यूनिट बिजली फ्री करो, 100 यूनिट की जुमलेबाजी नहीं चलेगी

## आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली देने की मांग को लेकर सीएम आवास किया कूच

**नारेबाजी**

**संवाददाता**

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने उत्तराखंड में कम से कम 300 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर, कर्नल अजय कोठियाल, रविंद्र जुगरान समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता दिलाराम चौक पर एकत्रित हुए। जहां से रैली की शक्ल में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। पहले से मौजूद पुलिस ने हाथीबड़कला में बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच खूब नोकझोंक हुई। इसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ट नेता रविंद्र जुगरान और प्रदेश प्रवक्ता नवीन पीरशाली ने कहा, इस प्रदेश में बीजेपी ने पिछले साढ़े चार साल में केवल लूट और भ्रष्टाचार किया है और अब मुफ्त बिजली के मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बयान के बाद साफ हो गया है कि सरकार प्रदेश की जनता के साथ छल कर रही है।

उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री के उस वीडियो बयान के जरिये पत्रकारों को बताया फ्री बिजली देने की बात करने वाली बीजेपी का ये सिर्फ चुनावी जुमला है। उन्होंने कहा, हमें लगता था ये घोषणा चुनावों तक जुमले की तरह रहेगा, लेकिन ऊर्जा मंत्री हरक सिंह के बयान के 24 घंटे में सीएम ने क्लियर कर दिया ये सिर्फ चुनावी जुमला साबित होगा। बीजेपी प्रदेश में फ्री बिजली नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा ऊर्जा मंत्री घोषणा करते 100 यूनिट बिजली फ्री देंगे, लेकिन 24 घंटे के अंदर सीएम कहते अभी कोई प्रस्ताव नहीं आया, कोई प्लान नहीं। इस टालमटोल रवैये से ये साफ हो गया बीजेपी आगामी चुनावों को देखते हुए केवल जुमलेबाजी कर रही।

आप के वरिष्ठ नेता कर्नल अजय कोठियाल ने कहा दिल्ली मॉडल की तर्ज पर उत्तराखंड में भी बिजली फ्री होनी चाहिए और यहां 300 यूनिट तक बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त मिलनी चाहिए। आप प्रवक्ता ने कहा उत्तराखंड में 300 यूनिट बिजली फ्री और बीजेपी ने जुमले के सहारे, जनता को जो धोखा दिया।

वहीं आप नेता रविंद्र जुगरान ने कहा, भाजपा कभी भी जनता को मुफ्त बिजली देने के हक में नहीं रही, जिसे आज मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के बयान ने फिर से साबित कर दिया है।

## न्यूज डायरी

### महंगाई के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने सीएम आवास किया कूच

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतम सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकार के कुशासन, कमरतोड़ महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। परेशान जनता को इस जन विरोधी सरकार से मुक्ति दिलाने के लिए अब कांग्रेस ने कमर कस ली है। अब राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के लिए आज कांग्रेस सड़कों पर उतरकर इस सरकार की विदाई के लिए निर्णायक संघर्ष छेड़ा है। यह बात उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने विरोध रैली से पहले कांग्रेस भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

### बगैर आरटीपीसीआर वालों को नैनीताल में नहीं मिला प्रवेश

**संवाददाता** हल्द्वानी। बाहरी राज्यों से जिले में प्रवेश करने वाले यात्रियों के लिए आरटीपीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य की गई है। बिना रिपोर्ट दिखाए यात्रियों को बार्डर से ही लौटा दिया गया। इसके अलावा पोर्टल पर पंजीकरण व होटल की बुकिग भी जरूरी है।
वीकेंड पर नैनीताल जाने के लिए शनिवार को बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। जिन्हें जिले के विभिन्न पुलिस बैरियर पर रोक कर जांच की गई। जिन यात्रियों के पास आरटीपीसीआर रिपोर्ट नहीं थी, उन्हें बार्डर से आगे नहीं जाने दिया गया। जिले में प्रवेश के दौरान चोरगलिया, टीपी नगर, टांडा, गड़प्पू आदि बैरियर पर वाहनों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त काठगोदाम व ज्योलीकोट आदि में भी नैनीताल की ओर जा रहे वाहनों की सख्त जांच की गई।

### अशोक लेलैंड ने पंतनगर में 2 एम्बुलेंसेस और एक ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट का किया दान

**संवाददाता** हल्द्वानी। भारत में कमर्शियल गाड़ियों की अग्रसर विनिर्माता, अशोक लेलैंड इस हिंदुजा ग्रुप की प्रमुख कंपनी ने मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के देश के प्रयासों के समर्थन में आज पंतनगर के स्थानीय प्रशासन को दो एम्बुलेंसेस और पंतनगर में जसपुर के सरकारी अस्पताल को 200 एलपीएम की क्षमता का ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट का दान किया। आपकी जीत, हमारी जीत–अपने इस ब्रांड वचन की फिर एक बार पुष्टि करते हुए यह कंपनी कोविड–19 की दूसरी लहर के गंभीर परिणामों का सामना कर रहे सभी हितधारकों की लगातार सहायता कर रही है। उधम सिंग नगर के एडीएम जगदीश चंद्र कांडपाल, एएलसी प्रशांत कुमार और जीएम सीएस बोहरा यह मान्यवर उपस्थित थे। अशोक लेलैंड के एमडी और सीईओ विपिन सोंधी ने एम्ब्युलेंसेस और ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट उन्हें सौंप दिए।

## कोरोना जांच की अनिवार्यता से सुरक्षित हुए उत्तराखंड के पर्यटक स्थल

**संवाददाता** देहरादून। तेजी से कम होते कोरोना के मामलों के बीच उत्तराखंड सरकार ने देश–दुनिया के पर्यटकों को बढ़ी राहत दी है। इसके साथ ही पर्यटक स्थलों में प्रवेश से पहले कोरोना आरटीपीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट को अनिवार्य करने से पर्यटक स्थल सुरक्षित हुए हैं।

वीकेंड पर मसूरी और नैनीताल आने वाले पर्यटकों को कोरोना जांच की नेगेटिव रिपोर्ट दिखानी पड़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस फैसले से पर्यटक स्थल में कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने के साथ अनावश्यक भीड़ को भी काबू किया जा रहा है। प्रशासन के इस निर्णय से व्यापारी पूरी तरह से खुश हैं। इससे पर्यटक स्थलों पर बढ़ रहे दबाव को भी कम किया जा रहा है। जिससे जाम की स्थिति पैदा नहीं हो रही है।

पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने कहा, ''प्रदेश में पर्यटक स्थलों पर व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आरटीपीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट को अनिवार्य किया गया है। राज्य में पर्यटकों को कोविड उचित व्यवहार के लिए मास्क, सेनेटाईजेशन, समाजिक दूरी का कढ़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।'' दिनेश शाह, अध्यक्ष होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन, नैनीताल ने बताया कि नैनीताल आने से पहले काठगोदाम और कालीढूंगी पर जांच कर उन्हीं पर्यटकों को प्रवेश दिया जा रहा है जिनके पास कोरोना की आरटीपीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट है। इस व्यवस्था से जिले को कोरोना संक्रमण से बचाने के साथ अनावश्यक भीड़ का तांता भी नहीं लग रहा है।



## नेपाल के पीएम से भेंट करते एसजेवीएन के अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नन्द लाल शर्मा ने नेपाल में 900 मेगावाट अरुण–3 जल विद्युत परियोजना के आधिकारिक दौरे पर हैं। इस दौरान शर्मा ने नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली एवं उप प्रधानमंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल से काठमांडू में भेंट की। नन्द लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री तथा उप प्रधानमंत्री को 900 मेगावाट की अरुण–3 जल विद्युत परियोजना की प्रगति के संबंध में अवगत करवाया। उन्होंने एसजेवीएन को 679 मेगावाट लोअर अरुण–3 जलविद्युत परियोजना आबंटित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

# चार राजस्व उपनीरिक्षक ऐसे हालातों में कैसे संभाल पायेगें अपनी जिम्मेदारी

**थल तहसील में न ही तहसीलदार न ही नायब तहसीलदार न ही खुद का भवन**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।** पिथौरागढ़। तीस सितंबर दो हजार चार को बेरीनाग व डीडीहाट तहसील की एक सौ चौदह ग्राम पंचययतों को काटकर थल तहसील का गठन कर दिया गया। वही लंबे जद्दोजहद के बाद दो साल बाद थल तहसील अस्तित्व में आ गई। दस ग्राम सभाओं को दुबारा बेरीनाग व डीडीहाट तहसील में मिला दिया गया।

जानकारी के मुताबिक वर्तमान में थल तहसील का भवन अभी भी किराये में चल रहा है। तहसील निमार्ण के लिए पूर्व में भूमि का चयन किया गया था। यह भूमि राजस्व परिषद के नाम से दर्ज भी कर दी गई। चार साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी तहसील भवन निमार्ण के लिए तक शासन से धनराशि अवमुक्त नही हो पाई है। दूसरी ओर यहां पर महज तहसील के नाम पर केवल बोर्ड टांगकर खानापूर्ति की जा रही है। तहसील कार्यालय में न तो अब तक तहसीलदार की नियुक्ति हो पाई है और न ही नायब तहसीलदार व अन्य स्टाफ की। ऐसे हालातों में यहां के ग्रमीणों को थल तहसील के बनने का लाभ अब तक मिलने की कोई उम्मीद नजर नही आ रही है।

आलम यह है कि ग्रमीणों के साथ युवाओं व जरूरती कामकाज के लिए इधर उधर चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही तहसील के ग्रमीणों का कहना है कि सरकार ने तहसील तो खोल दी मगर आज तक तहसील बनने के नाम पर ग्रमीणों को जरूरती योजनाओं का ऐसी स्थिति में फायदा मिलता नजर नही आ रहा है। दूसरी ओर तहसील में बड़े महत्वपूर्ण पदो के खली होने के कारण ग्रमीणों को जमीन संबंधी कागजात व युवाओं को दस्तावेज बनाने में खासी दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है।

जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा भले ही दावे किये जा रहे हो की मानसून काल में सारी व्यवस्थाये दुरस्त कर ली गई है। मगर न थल तहसील में अब तक तहसीलदार का पद भरा गया है न ही नायब तहसीलदार का पद भरा गया है।

## कोविड से ठीक होने के बाद सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी हो सकते हैं हृदय रोग के संकेत

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस संक्रमण से ठीक होने के 3 महीने बाद भी मरीजों में हृदय संबंधी समस्याएं देखी जा रही हैं। ठीक होने के महिनों बाद भी यदि कोरोना रोगीयों में सांस लेने में कठिनाई, शरीर में थकावट, अधिक पसीना आना जैसे लक्षण प्रस्तुत दिखाई पडें तो यह हृदय रोग समस्या भी हो सकती है। इन लक्षणों को सिर्फ कोविड से जुड़ा हुआ समझ अनदेखा करना स्वास्थ के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ये बात फोर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल देहरादून के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ इरफान याकूब भट्ट ने कही। डॉ भट्ट ने कहा कि'' कोरोना वायरस संक्रमण मुख्य रूप से श्वसन सम्बंधित संक्रमण है लेकिन कई बार इसके द्वारा हृदय प्रणाली में भी संक्रमण हो सकता है, जो हृदय की कोशिकाओं से लेकर दिल की मांसपेशियों तक संक्रमित कर सकता है। उन्होंने कहा, ''कोविड रोगियों के साथ मेरे अनुभव में मैंने देखा कि 10 प्रतिशत कोविड रोगियों में संक्रमण के दौरान हृदय सम्बंधित समस्याएं भी पायी गयीं।